
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 03 अक्तूबर 2016, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 20 संस्करण

www.livehindustan.com

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी में हुए आयोजन में संस्थान के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी, उप निदेशक डॉ. अनुपम वर्मा, जिलाधिकारी एनपी सिंह और अस्मिता थिएटर के निर्देशक अरविंद गौड़ ने शिल्पी मारवाह को सरला बिरला अवार्ड दिया।

# शिल्पी मारवाह को सरला बिरला अवार्ड दिया गया

ग्रेटर नोएडा | मुख्य संवाददाता

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने बेटी ही बचाएगी अभियान शुरू किया है। शनिवार रात संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध थियेटर कलाकार शिल्पी मारवाह और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी एनपी सिंह ने अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर शिल्पी मारवाह को सरला बिरला अवार्ड से सम्मानित किया गया।

बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के तहत बालिका शिक्षा, सुरक्षा, महिलाओं को कानूनी सहयोग और आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं चलाई जाएंगी। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि बेटी ही बचाएगी अभियान की प्रेरणा पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर एनपी सिंह के संबोधन से मिली। अस्मिता थियेटर ग्रुप के निदेशक अरविंद गौड़ ने बताया कि शिल्पी 100 से ज्यादा नाटकों और करीब 150 नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर चुकी हैं। कोर्ट मार्शल, अमृतसर आ गया है और रामकली जैसे नाटकों में वह बतौर नायिका काम कर रही हैं।

## पहल

- बिमटेक प्रबंधन ने बेटी ही बचाएगी अभियान शुरू किया
- महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा